

# चीता मित्र प्रकृति एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उपयोगी : डीएम

## चीता पुनर्जीवन के सफल तीन साल पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित, सेसईपुरा में चीता मित्र सम्मेलन का आयोजन






नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने सेंसईपुरा फॉरेस्ट परिसर में भारत में चीता पुर्नजीवन के सफल तीन साल पूर्ण होने पर आयोजित चीता मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चीता प्रोजेक्ट से श्योपुर जिले को विश्वभर में पहचान मिली है, चीता प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों, वन्यप्राणी विशेषज्ञो, वन्य प्राणी चिकित्सको एवं चीता मित्रो की कडी मेहनत तथा क्षेत्रीय नागरिकों की जागरूकता से कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट सफलता के सौपान पर आगे बढ रहा है।

इस अवसर पर डायरेक्टर लायन प्रोजेक्ट उत्तम शर्मा, डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भारत सिंह गुर्जर सहित चीता मित्र तथा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि वन्य विशेषज्ञो के साथ ही चीता मित्र इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। चीता मित्र प्रकृति एवं प्राणियों का संरक्षण तथा पालन कर रहे है। उन्होंने इस अवसर पर चीतों मित्रों को होमस्टे योजना की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि होमस्टे के माध्यम से न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध होगे, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति, परम्पराओं को जानने का अवसर पर्यटको को मिलेगा।

डायरेक्टर लायन प्रोजेक्ट उत्तम शर्मा ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क में प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत 18 फरवरी 2023 को लाए गए 12 दक्षिण अफ्रीकी चीतों (5 मादा, 7 नर) के भारत आगमन के तीन वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई भी दी।

डीएफओ आर थिरूकुराल ने चीता प्रोजेक्ट के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका से सबसे पहले 12 चीते लाये गये थे, प्रारंभ में लाए गए 12 चीतों में से वर्तमान में 8 दक्षिण अफ्रीकी चीते स्थापित आबादी का हिस्सा हैं। स्थापित चीतों में से 3 को मध्यप्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किया गया है, जो दूसरा परिचय स्थल है।

शेष 5 दक्षिण अफ्रीकी चीते कूनो नेशनल पार्क में हैं। कूनो में मौजूद सभी 3 स्थापित दक्षिण अफ्रीकी वयस्क मादाओं ने सफलतापूर्वक प्रजनन किया है। वर्तमान में दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक स्वस्थ हैं, जिनमें शामिल हैं। 3 मादा उप-वयस्क, नर उप-वयस्क, नवजात शावक, चीता गामिनी दूसरी बार माँ बनी है। उसकी पहली संतति में 3 स्वस्थ उप-वयस्क हैं, जबकि दूसरी संतति में 3 नवजात शावक हैं। वीरा अपने 13 माह के नर शावक के साथ खुले जंगल में विचरण कर रही है, जबकि निर्वा 10 माह के अपने 3 शावकों के साथ बंद प्राकृतिक वन परिक्षेत्र में है।

चीता मित्र सम्मेलन से पूर्व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें चीता मित्रों द्वारा चीतों के संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## डॉ . यादव ने चीता शावकों के जन्म पर किया हर्ष व्यक्त



**श्योपुर, 18 फरवरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता शगामिनीश् द्वारा 3 शावकों को जन्म देने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चीतों के पुनर्स्थापन का मध्यप्रदेश सशक्त केंद्र बन रहा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में चीतों के 3 वर्ष पूर्ण होने के साथ यह 9वां सफल प्रसव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर अब 38 हो गई है। यह पूरे देश के लिए वन्य जीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## जनगणना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 अंतर्गत अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 19 फरवरी से आयोजित किया जा रहा है।

प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों के लिए 19 एवं 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनगणना निदेशालय भोपाल से श्योपुर के जनगणना जिला प्रभारी सत्यप्रकाश सहित अन्य प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणो में संपादित होगा, प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए तहसीलवार एवं निकायवार चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं।

## निर्माणाधीन मकान पर हुई मौत

**श्योपुर, 18 फरवरी।** थाना विजयपुर मर्ग सूचनाकर्ता सउनि सतेन्द्र सिकरवार ने बताया कि दि. 15.02.26 के 17.40 बजे स्थान विजयपुर अस्पताल के पास निर्माणाधीन मकान पर मृतक लक्की पुत्र जितेन्द्र गौड उम्र 18 साल नि. बड़ौरा का पुरा सउनि सतेन्द्र सिंह सिकरवार ने जिला अस्पताल पुलिस चौकी मुरैना के मर्ग क्र. 03/26 की धारा 194 बीएनएसएस में मृतक की इंटीमेशन लाकर पेश किया जिस पर मर्ग कायम किया । दि. 17.02.26 के 18.03 बजे मर्ग क्र. 05/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

## तेजी व लापरवाही से चलाकर मारी टक्कर, एक की मौत

**श्योपुर, 18 फरवरी।** थाना बड़ौदा सड़क दुर्घटना में मृत्यु फरि गोविन्द पुत्र रामभरोस शर्मा उम्र 44 साल नि. वार्ड क्र. 11 माताजी मोहल्ला बड़ौदा ने रिपोर्ट की कि दि.17.02.26 के 19.30 बजे स्थान खेमजी मंदिर के सामने श्योपुर बड़ौदा रोड़ के किनारे पर आरोपी अज्ञात मो.सा. का चालक ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के बड़े भाई को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई । ( मर्ग क्र. 06/26 धारा 194 मृतक कुसुम उर्फकमल पुत्र रामभरोषी शर्मा उम्र 63 साल ) दि. 17.02.26 के 22.46 बजे अप.क्र. 34/26 धारा 281,106 (1) बीएनएस कायम कर लिया है।

## शादी में लाइट जाने पर मारपीट

**श्योपुर, 18 फरवरी।** थाना देहात मारपीट फरि. कमल पुत्र ओमप्रकाश जोशी उम्र 45 साल नि. सोईकला थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 17.02.26 के 21.45 बजे स्थान वैरवा भवन सोई बस स्टेन्ड गार्डन पर आरोपीगण, रघुवीर जोशी, देवेन्द्र एवं 02 अज्ञात ने फरि को शादी में लाईट जाने की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 17.02.26 के 23.44 बजे अप.क्र. 35/26 धारा 115(2),3(5),296(ए), 351 (2) बीएनएस कायम कर लिया है।

## बाइक को टक्कर मारी

**श्योपुर, 18 फरवरी।** थाना बड़ौदा सड़क दुर्घटना फरि परमानंद पुत्र बुध्दीप्रकाश मीणा उम्र नि. 21 साल नि. ललितपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 17.02.28 के 20.00 बजे स्थान सरकारी स्कूल के सामने ललितपुरा मैन रोड़ पर अज्ञात मो.चा. क्र. एम.पी. 31 जेडई 1634 का चालक ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और फरि. के पिता को पीछे से टक्कर मार दी जिससे फरि. के पिता को चोटे आई । दि. 18.02.26 के 11.30 बजे अप. क्र. 35/26 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कायम कर लिया है।

## गुमठी रखने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 18 फरवरी।** थाना अगरा मारपीट फरि. पियूष पुत्र महेश शर्मा उम्र 31 साल नि. ग्राम अरौंद थाना अगरा ने रिपोर्ट की कि दि. 17.02.26 के 14.30 बजे स्थान फरि. के बाड़े के सामने ग्राम अर्रोद पर आरोपीगण, कैलाश, सूरज, बी.पी, श्रीमती लीला जातिगण जाटव नि.गण ग्राम अरौद ने फरि को गुमठी रखने की बात पर कान के पास लाठी मारी गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 17.02.26 के 16.34 बजे अप.क्र. 06/26 धारा 115 (2), 3(5),296 (ए),351(3) बीएनएस कायम कर लिया है।

## मोगिया समुदाय की आधार संबंधी त्रुटियों का किया निराकरण

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की पहल पर 5 गांव में निवासरत मोगिया समुदाय के लोगों के आधारकार्ड में त्रुटियों का निराकरण शिविर लगाकर किया गया। इस पहल से 63 लोगों के आधार कार्ड की तकनीकी खामियों को दूर करने में सफलता मिली है। ई-गर्वेनेस प्रबंधक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि लास्ट विल्डरनेस फाउंडेशन मुंबई के फील्ड समन्वयक सोनू वर्मा द्वारा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद को आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि ग्राम दंगपुरा, उमरी, टपरपुरा, चेटीखेडा एवं खैरा में निवासरत मोगिया समुदाय के नागरिकों के आधार कार्डो में नाम, जन्मतिथि, सरनेम, पता एवं अन्य व्यक्तिगत विवरणों में त्रुटियां है। इन त्रुटियों के कारण संबंधितों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है।

## कलेक्टर ने किया घड़ियाल रिलीज साइट का अवलोकन



**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा कूनो नेशनल पार्क में घडियाल रिलीज साइट का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 21 फरवरी को कूनो पालपुर स्थित कूनो नदी में घडियाल छोडे जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

घडियाल रिलीज साइट के अवलोकन अवसर पर डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 21 फरवरी को कूनो के प्रस्तावित आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने कूनो में स्थित हेलीपेड स्थल का अवलोकन भी किया।



## कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

नवभारत समाचार

**श्योपुर, 18 फरवरी।** महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर शहरी में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति नरेश टैगोर, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर एवं परियोजना अधिकारी श्योपुर शहरी नितिन मित्तल आदि सदस्य उपस्थित रहें। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है।

अनंतिम सूची के अनुसार वार्ड 10ए में सरिता आर्य, नहर का सहराना बर्धा में सुनीता मीणा, नहर का सहराना नगदी में प्रियंका मीणा, इंदिरा आवास कॉलोनी में दिलबर गुर्जर, एकतापुरा सहराना में ब्रजलता टैगोर एवं चन्द्रपुरा-ए आंगनबाडी केन्द्र पर बुलबुल कुशवाह को आंगनबाडी कार्यकर्ता पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार अजापुरा-बी आंगनबाडी केन्द्र पर नीलम शर्मा, नहर का सहराना बर्धा में ओमा मीणा, नहर का सहराना नगदी में प्रियंका मीणा, इंदिरा आवास कॉलोनी में दिलबर गुर्जर एवं एकतापुरा सहराना में हेमलता टैगोर को आंगनबाडी सहायिका पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है।

उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी।

## सीईओ जिपं की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की बैठक आयोजित





नवभारत समाचार

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की अध्यक्षता में जनपद पंचायत श्योपुर के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी अधिकारी, जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ मनरेगा, एडीईओ, पीसीओ, बीसी आवास, बीसी आरजीएसए, सचिव एवं जीआरएस सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने च्एक पेड़ मां के नामज्ञ अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन ग्राम पंचायतों में सामग्री व्यय शून्य है तथा मजदूरी भुगतान कम है, वहाँ शीघ्र व्यय दर्ज कर नियमित मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान प्रभावी रूप से संचालित हो सके।

जनपद पंचायत में संचालित 09 गौशालाओं की समीक्षा के दौरान नागदा गौशाला का पंजीयन लंबित पाया गया, जिस पर आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ढोढर एवं नागदा गौशालाओं में पशु संख्या बढ़ाने तथा सोईकला गौशाला में स्वीकृत भूमि का सीमांकन, बाउंड्री, हरा चारा व्यवस्था एवं संचालन हेतु आयवर्धक गतिविधियाँ प्राथमिकता से प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

मनरेगा अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। कम प्रगति वाली ग्राम पंचायत ललितपुरा, सोठवा, हिरनीखेड़ा, बगडुआ, काशीपुर आदि के सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा कम ई-केवाईसी वाले ग्राम पंचायत बगदिया, राडेप, नंदापुर, नारायणपुरा आदि में शीघ्र ई-केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

पीएम जनमन योजना की समीक्षा में सीएफ्टी दांतरदा एवं पंचायतवार समीक्षा में तेयखण्ड, बागल्दा एवं राधापुरा में आवासों की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। पीएमएजीवाई आवास अंतर्गत पिछली बैठक से अब तक 575 आवास पूर्ण हुए, तिल्लीपुर, जगदेश्वर एवं तलावदा में बड़ी संख्या में आवास लंबित होने पर संबंधित सचिव एवं जीआरएस को एससीएन जारी कर एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आवासों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने तथा आवास प्लस के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए।

पंचायत निर्माण कार्यों की समीक्षा में 14 स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दियें। 15 नवीन पंचायत भवनों के संबंध में निर्देश दिए गए कि 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर ही द्वितीय किस्त का प्रस्ताव भेजा जाए तथा पंचायत दर्पण पोर्टल पर जानकारी दर्ज की जाए। ग्राम पंचायत परिसंपत्तियों जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन, सड़क, तालाब आदि को 15 दिवस में पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज करने तथा सभी परिसंपत्तियों की मैपिंग एवं जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम व्यवस्थित नही है, वहाँ 15वें वित्त आयोग की राशि से प्राथमिकता में निर्माण, बाउंड्री एवं मरम्मत कराने तथा आवश्यकता होने पर प्रस्ताव जिला स्तर पर भेजने के निर्देश दिये तथा सभी पंचायतों में मुक्तिधाम की उपलब्धता एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## होम स्टे के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन मे पर्यटन गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए होम स्टे योजना का बढावा दिया जा रहा है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित रिस्पॉसिंबल टूरिज्म मिशन अंतर्गत जिले में पर्यटन विकास तथा पर्यटको को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होम स्टे पर पिछले दिनों कार्यशाला का आयोजन भी किया गया था। उन्होंने बताया कि होम स्टे के माध्यम से पर्यटको को स्थानीय लोक संस्कृति, परम्पराओं तथा खानपान से अवगत कराने के उद्देश्य से होम स्टे विकास के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा कार्य किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि इस योजना अंतर्गत गृह स्वामी अपने आवास के किसी भी भाग को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटको को आवासीय सुविधा के लिए उपलब्ध करा सकते है, इसके लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड में पंजीयन कराना होता है।

होम स्टे के लिए उपलब्ध कराये जाने वाले आवास की संख्या न्यूनतम 01 और अधिकतम 06 कक्ष तक होनी चाहिए। होम स्टे के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाता है। गोल्ड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को 25 हजार एवं डायमंड श्रेणी में पंजीकृत होम स्टे को वन टाइम 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। होम स्टे का ब्रोशर अथवा व्यवसायिक बनाने के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये दिये जाते हैं।

## बड़ौदा महाविद्यालय में एक दिवसीय वेबीनार आयोजित

नवभारत समाचार

**श्योपुर, 18 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़ौदा में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार का विषय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का विकास था। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. विद्याराम शर्मा सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कछला जिला बदायूं (उत्तरप्रदेश) द्वारा चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विषय की व्यापकता तथा आज के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में परिवार, संगति तथा संस्कारों का विशेष योगदान होता है। उन्होंने आगे बताया कि व्यक्तित्व चरित्र की छाया है। वीर शिवाजी तथा चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व निर्माण में उनके दृढ़ संकल्प एवं नैतिक गुणों की मुख्य भूमिका रही, उन्होंने पौराणिक उदाहरण में भगवान श्रीराम तथा हनुमान जी के प्रेरक प्रसंग से सीख लेने पर बल दिया।

डॉ. आरती कुमारी सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र, वनस्थली विद्यापीठ, टोंक राजस्थान द्वारा बताया गया कि चरित्र निर्माण में व्यक्ति की परवरिश तथा उसकी शिक्षा के अलावा उसके नैतिक गुणों का मुख्य योगदान होता है। उनके द्वारा गाँधीजी तथा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं अल्बर्ट आइंस्टीन के प्रेरक उदाहरण दिए। आगे उन्होंने बताया कि चरित्र जड़ है वहीं व्यक्तित्व उसका फल है।

उक्त सेमिनार के मुख्य संरक्षक डॉ.कुमार रत्नम ने शुभकामनाएं दी वहीं संरक्षक डॉ.ओपी शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए विषय के प्रवर्तन में बताया कि चरित्र तथा व्यक्तित्व एक सिक्के के दो पहलू हैं इन्हें एक साथ देखा जाना चाहिए।

परामर्श समिति के सदस्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा डॉ सुभाष चंद्र डॉ रमेश भारद्वाज डॉ अरविंद दोहरे, डॉ सीमा चौकसे, डॉ आसिफ कुरैशी उपस्थित रहे। आयोजन सचिव प्रो गुमान सिंह संयोजक, तुफैल अहमद सहसंयोजक डॉ संजय सिंह चौहान एवं आयोजन समिति डॉ मनीषा आर्य, डॉ गिरिजेंद्र शर्मा, प्रो शिवम भदोरिया, डॉ भूपेंद्र हरदेनिया तथा तकनीकी समिति प्रो अजीत सिंह डॉ करण सिंह की सराहनीय भूमिका रही। उक्त वेबिनार में शासकीय महाविद्यालय बड़ौदा के समस्त स्टाफ एवं एक सैंकड़ा से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट ने किया।

## सड़क पर गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 18 फरवरी।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह ठाकुर निर्देशन में क्रमांक 33 में रोड किनारे दुकानदारों एवं ठेले वालों पर गंदगी करने एवं डस्टबिन ना रखने पर मांस की दुकानों पर जुर्माना कार्रवाई की गई जिसमें 3500 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी संजय शाक्य, डब्ल्यूएचओ मिथुन राणा आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्र. 34 छप्पर वाला पुल पर गंदगी करने वालों से 2000 रूपये का जुर्माना एवं सरदार डेयरी पर लगाया 250 रूपये का जुर्माना, वार्ड क्र. 46 के कृष्णा शर्मा को बार-बार समझाने के बाद भी उनके द्वारा लगातार गंदगी फैलाई जा रही थी एवं रेड स्पॉट बनाए जा रहे थे तभी सुधार नहीं आने पर उक्त व्यक्ति पर 2000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जोगेंद्र यादव, फ्लाइंग एस्कॉर्ट प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफिसर विकेश बागडे, वार्ड हेल्थ ऑफीसर रवि गौहर, हरिओम बनफल आदि उपस्थित रहे। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी एमएल लिथोरिया के निर्देशन में वार्ड 61 में गंदगी करने वालों पर 1500 रुपए का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी विवेक त्यागी, डब्ल्यूएचओ जागेश पाथरे आदि उपस्थित रहे।

## डिजिटल दौर का दूरदर्शी बजट, संतुलित विकास की ठोस रूपरेखा : भारती



नवभारत समाचार

**शिवपुरी, 18 फरवरी।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को पूर्व भाजपा विधायक प्रहलाद भारती ने विकास का संतुलित और सर्वसमावेशी दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता, नारीशक्ति, अधोसंरचना और उद्योग जैसे पाँच मजबूत स्तंभों पर आधारित है, जो प्रदेश को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का काम करेगा।

श्री भारती ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार बजट पूर्णत: डिजिटल प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जो पारदर्शिता और आधुनिक प्रशासनिक सोच का प्रतीक है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार का ठोस संकल्प बताया। पूर्व विधायक भारती ने बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दिए जाने की सराहना की। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किसानों को आर्थिक मजबूती देगा। एक लाख किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराने का निर्णय ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही 15 हजार शिक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगा और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये का प्रावधान सामाजिक सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 24,144 करोड़ और शिक्षा के लिए 31,953 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान मानव संसाधन विकास को नई गति देगा। प्रहलाद भारती ने विशेष रूप से इस तथ्य को रेखांकित किया कि बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया है और न ही मौजूदा करों में वृद्धि का प्रस्ताव है। यह निर्णय आम जनता और व्यापारी वर्ग के हित में है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विस्तार, कृषि सशक्तिकरण, युवा रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि यह बजट विकास के संतुलित मॉडल को आगे बढ़ाने वाला दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट है, जो मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।